**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–29.11.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र सरकार ने पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए 40 परियोजनाओं को दी मंजूरी, कोडरमा में इको टूरिज्म डेवलपमेंट ऑफ तिलैया के लिए 34 करोड़ 87 लाख रुपये आवंटित।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 दिसंबर को विधानसभा में बहुमत करेंगे साबित, मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद तेज।**
3. **पेट्रोलियम राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने आकांक्षी जिला लोहरदगा में विकास योजनाओं की समीक्षा की, कहा–जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए केन्द्र सरकार प्रयासरत।**
4. **भाजपा की कल रांची में होगी तीन बैठकें, विधानसभा चुनाव में हार की होगी समीक्षा, केन्द्रीय नेतृत्व को भेजी जायेगी रिपोर्ट।**
5. **झारखंड को दोबारा मिली राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी, जनवरी में होंगी चार स्पर्धाएं।**

********************

केन्द्र सरकार ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। 3 हजार 295 करोड़ 76 लाख की लागत वाली ये परियोजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी और स्थायी पर्यटन के माध्यम से रोजगार पैदा करेंगी। इन परियोजनाओं में झारखंड के कोडरमा स्थित इको टूरिज्म डेवलपमेंट ऑफ तिलैया भी शामिल हैं और इसके लिए 34 करोड़ 87 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं।

********************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भुबनेश्वर में आज पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, आर्टिफि"ियल इंटेलिजेंस और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विमर्श होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल और परसों सम्मेलन में भाग लेंगे।

********************

झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रुप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद अब सबकी नजर कैबिनेट विस्तार पर टिकी है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा है कि एक–दो दिनों में मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा और सरकार मजबूती के साथ काम करेगी। इस बीच कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि हेमंत सोरेन 11 दिसंबर को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नौ से 12 दिसंबर तक झारखंड विधानसभा का सत्र बुलाया है। इसमें नए विधायकों को शपथ दिलाने के लिए प्रोफेसर स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है।

********************

1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता ने फिर से झारखंड के प्रभारी डीजीपी का पदभार संभाल लिया है। दूसरी बार डीजीपी का पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स, साइबर, हिंसक अपराध और महिलाओं के खिलाफ अपराध के विरूद्ध उनका अभियान जारी रहेगा।

इधर, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने भी आज अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना उनकी प्राथमिकता होगी।

********************

पेट्रोलियम राज्यमंत्री सुरेश गोपी झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने आज ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत आकांक्षी जिला लोहरदगा में विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर केन्द्र संपोषित योजनाओं का जायजा लिया और जिले के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर श्री गोपी ने कहा कि जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए केन्द्र सरकार लगातार प्रयासरत है।

**************

भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव खूंटी जिले के उलिहातू में पंचतत्व में विलीन हो गया। कल रात रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। पिछले दिनों वे एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। मंगल मुंडा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्याक्त किया है। अपने संदेश में श्री मोदी ने उनके निधन को न केवल उनके परिवार बल्कि झारखंड के जनजातीय समुदाय के लिए भी अपूरणीय क्षति बताया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने रिम्स में उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गहरी संवेदना जताते हुए उनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

**************

विधानसभा चुनाव में मिली हार को लेकर भारतीय जनता पार्टी में समीक्षा का दौर शुरु हो गया है। इस सिलसिले में कल रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में तीन बैठकें बुलायी गयी हैं। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी शामिल होंगे। एक दिसंबर को भी बैठक बुलायी गयी है। भाजपा सूत्रों के अनुसार बैठक में हार के कारणों को चिन्हित किया जायेगा और पूरी रिपोर्ट केन्द्रीय नेतृत्व को सौंपी जायेगी। पार्टी हाईकमान ने भी झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर तीन दिसंबर को दिल्ली में बैठक बुलायी है।

**************

झारखंड हाईकोर्ट ने निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर आज सुनवाई की। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को ट्रायल की स्थिति बताने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच अब इस मामले पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगी। इससे पहले 26 सितंबर को पीएमएलए की विशेष अदालत ने निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को जमानत देने से इनकार कर दिया था। गौरतलब है कि पूजा सिंघल वर्ष 2022 से ही जेल में हैं।

**************

जामताड़ा जिले से पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर इन अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 18 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, चार आधार कार्ड समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल करने का मौका मिलेगा।

**************

झारखंड को फिर चार एसजीएफआई राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन की मेजबानी मिली गयी है। अगले साल जनवरी माह में सभी प्रतियोगिताएं रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित की जाएंगी। इसके तहत जो खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी उनमें एथलेटिक्स, टेनिस, ट्रैक साइकिलिंग और हॉकी शामिल हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत 5 जनवरी से होगी जबकि समापन 27 जनवरी को होगा।

********समाप्त*********